an>

Title: Need to improve the BSNL Mobile telephone service in the country particularly in Dharbhanga Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री कीर्ति आज़ाद (दरभंगा) : महोदय, भारत संचार निगम लिमिटेड के द्वारा उपभोक्ताओं की दी जाने वाली सेवाओं का स्तर निम्न से निम्नतर होता जा रहा है।...(व्यवधान) मोबाइल कनेक्टिविटी में निरंतर खराबी आ रही है।...(व्यवधान) 3जी सेवाओं में 2जी का लाभ प्रदान किया जा रहा है।...(व्यवधान) दरभंगा सहित सम्पूर्ण बिहार में निगम की सेवाओं से जनता परेशान हो रही है एवं भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का परित्याग कर अन्य निजी कंपनियों की सेवाओं को लेने पर मजबूर हैं।...(व्यवधान) भारत संचार निगम लिमिटेड के बी.टी.एस. कई जगह काम ही नहीं कर रहें अपितु अत्यन्त दयनीय स्थिति में पड़े हैं।...(व्यवधान) अधिकारियों की उदासीनता के कारण निगम को भारी नुकसान हो रहा है।...(व्यवधान)

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि नागरिकों की सुविधाओं के लिए सेवाओं में आ रही बाधा को अतिशीघ्र दूर किया जाए एवं दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।...(व्यवधान)